भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1726**
उत्तर देने की तारीख 10.03.2025

**राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन**

**1726. डॉ. राजीव भारद्वाज :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के अंतर्गत देश के प्रत्येक राज्य और संघ राज्य क्षेत्र में राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय और जिला पुस्तकालय को वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का देश भर में पुस्तकालयों का डिजिटलीकरण करने का कोई प्रस्ताव है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे कितने पुस्तकालयों का डिजिटलीकरण किए जाने की योजना है?

**उत्तर**

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): जी, हां। राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) स्कीम के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2014-15 से फरवरी 2025 तक 4822.16 लाख रुपये (केन्द्र + राज्य का हिस्सा) की राशि जारी की गई है जिसमें से केन्द्र सरकार के हिस्से की राशि 3860.25 लाख रुपये है।

(ग) और (घ): इस मंत्रालय के कार्यक्षेत्र के अधीन *7* पुस्तकालयों का डिजिटलीकरण कार्य निरन्तर प्रक्रिया है। भारतीय संस्कृति पोर्टल (https://indianculture.gov.in/) डिजिटलीकृत दस्तावेजों के संग्रह के रूप में पहले से ही मौजूद है। डिजिटलीकरण में पुस्तकालय प्रबंधन सेवाओं हेतु सॉफ्टवेयर का प्रयोग, पुस्तकें जारी/प्राप्त करने हेतु स्मार्ट कार्ड जारी करना, कॉपीराइट मुक्त पांडुलिपियों, दुर्लभ पुस्तकों, दुर्लभ दस्तावेजों, पुराने जर्नलों, इतिहास के अभिलेख और अन्य सामग्रियों का डिजिटलीकरण शामिल है।

*****